तृतीय संशोधन

प्रेषक

जिला समाज कल्याण अधिकारी
वाराणसी।

सेवा में

1. उप कुलसचिव (विकास) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी।
2. कुलसचिव, महात्मागाँधी काशीविद्यापीठ वाराणसी।
3. उप कुलसचिव (समाज कल्याण), सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी।
4. संयुक्त निदेशक प्राविधिक शिक्षा (पूर्वी क्षेत्र) वाराणसी।
5. संयुक्त निदेशक (प्रशि0/शिशिक्षु) वाराणसी मण्डल चौकाघाट वाराणसी।
6. प्रधानाचार्य, स्नातक/परास्नातक/मेडिकल/अन्य समस्त शिक्षण संस्थान वाराणसी।

पत्रांक– 3017 /स0क0/दशमोत्तर छात्रवृत्ति/संशोधित समय–सारिणी /2026–27/दिनांक– 23/10/26

विषय– वित्तीय वर्ष 2026–27 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति /सामान्य वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) भुगतान हेतु समय–सारिणी का संशोधित शासनादेश निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि निदेशक, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या–सी–2602/स0क0/शिक्षा–अ/8/ CN-1319383/2026–27 दिनांक 22 अक्टूबर,2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत समस्त वर्गों के छात्रों को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति भुगतान किये जाने हेतु निम्नानुसार तृतीय संशोधित समय–सारिणी जारी की गयी है–

| क. | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | पूर्व की समयावधि | वर्तमान समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | संस्थान द्वारा मास्टर डाटा लाक करना (कक्षा 11–12 को छोड़कर) | 22.07.2026 से 26.09.2026 तक | 23.10.2026 से 05.11.2026 तक |
| 2 | विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी द्वारा फीस आदि का सत्यान | 23.07.2026 से 27.09.2026 तक | 23.10.2026 से 07.11.2026 तक |
| 3 | जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फीस आदि का सत्यापन | 25.07.2026 से 30.09.2026 तक | 23.10.2026 से 10.11.2026 तक |
| 4 | छात्रों द्वारा नवीनीकरण ( Renewal ) आवेदन किया जाना। | 15.09.2026 से 15.10.2026 तक | 23.10.2026 से 13.11.2026 तक |
| 5 | छात्रों द्वारा नवीन ( Fresh ) आवेदन किया जाना। | 15.09.2026 से 31.10.2026 तक | 15.09.2026 से 13.11.2026 तक |
| 6 | शिक्षण संस्था द्वारा नवीनीकरण ( Renewal ) आवेदन पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जाना। | | 15 सितम्बर 2026 से 15 नवम्बर 2026 तक |
| 7 | शिक्षण संस्था द्वारा नवीन ( Fresh ) आवेदन पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जाना। | | 16 सितम्बर 2026 से 17 नवम्बर 2026 तक |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय–सारिणी के अनुसार कार्यवाही किये जाने हेतु अपने अधीनस्थ समस्त शिक्षण संस्थाओं को समय–सारिणी प्रेषित करनें के साथ ही छात्रों में प्रचार–प्रसार कराने का कष्ट करें ताकि कोई पात्र छात्र छात्रवृत्ति आवेदन करनें से वंचित न रह जाय।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

जिला समाज कल्याण अधिकारी
वाराणसी।

3017
पृष्ठांकन संख्या– /तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, वाराणसी।
3. मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी।
4. उप निदेशक समाज कल्याण वाराणसी मण्डल वाराणसी।
5. जिला पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी वाराणसी।

जिला समाज कल्याण अधिकारी
वाराणसी।



Scanned with OKEN Scanner

# हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वाराणसी

## आवश्यक सूचना

दिनांक – 12.11.2026

निदेशक, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या–सी–2602/स0 क0/शिक्षा–अ/8/CN-1319383/2026–27 दिनांक 22.10.2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026 – 27 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत समस्त वर्गो के छात्रों को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का आवेदन फार्म दिनांक 15.09.2026 से 13.11.2026 तक महाविद्यालय में जमा किया जायेगा। अन्तिम कार्य दिवस के बाद कोई भी छात्रवृत्ति आवेदन फार्म महाविद्यालय द्वारा स्वीकार्य नही किया जायेगा।

संलग्नक –: शासन के द्वारा जारी पत्र की छाया प्रति।

आज्ञा से

प्राचार्य

प्राचार्य
हरिश्चन्द्र पी०जी० कालेज
वाराणसी

Scanned with OKEN Scanner